राजस्थान सरकार

**निदेशालय, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)**

पंचायती राज विभाग

प्रथम तल, चौपाल विश्रान्ति गृह, बड़ोदिया बस्ती, (जयपुर जंक्शन के पास), जयपुर 302006

फोन– 0141 2205802 ईमेल: sbmg2018@gmail.com


क्रमांक : एफ 12( )पराबि/एसबीएम/ BSR Sanitation/2024–25/ 3031-36 दिनांक : 05.02.2025

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी,**
**जिला परिषद–समस्त।**

विषयः– ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का आंकलन/मैपिंग करने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्र क्रमांक 1459–64 दिनांक 03.09.2025 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्थायी आदेश संख्या 1/2024 दिनांक 03.09.2024 द्वारा स्वच्छता संबंधी 05 आईटम की दरों का निर्धारण कर संवेदक के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर स्वच्छता संबंधी कार्य करवाये जाने हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये है।

विभाग के ध्यान में आया है कि कई ग्राम पंचायतों में नियमित स्वच्छता संबंधी कार्य सम्पादित करने हेतु पूर्व किये गये आंकलन/मैपिंग सही नहीं करने के कारण नियमित स्वच्छता संबंधी गतिविधियां सुचारू ढंग से सम्पादित नहीं की जा रही है। इस हेतु पुनः आंकलन/मैपिंग करने हेतु निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये जाते है :–

1. ग्राम पंचायत के सभी गांवों का पृथक से आबादी के अनुसार एक नजरी नक्शा तैयार करना।
2. गांवों के घरों/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की संख्या आंकलन कर आबादी/(छितरी/घनी) बसावट/को नजरी नक्शों में इन्द्राज करना।
3. गांवों में नियमित सफाई की जाने वाली समस्त पक्की सड़कों एवं कच्ची सड़को को नजरी नक्शें में इन्द्राज कर लम्बाई व चौड़ाई आंकलन कर इन्द्राज करना।
4. गांवों में समस्त नाले व नालियों को नजरी नक्शें में इन्द्राज कर वास्तविक लम्बाई, चौड़ाई व गहराई एवं कीचड़ की मात्रा आंकलन कर इन्द्राज करना।
5. गांवों में सामुदायिक स्वच्छता परिसर, विद्यालय/राजकीय परिसरों में शौचालय की संख्या एवं स्थिति का नजरी नक्शे में चिन्हित कर इन्द्राज करना।
6. घर एवं प्रतिष्ठानों (आवासीय एवं व्यवसायिक), राजकीय संस्थानों से कचरा संग्रहण कार्य हेतु सफाई वाहन का रोड़ मैप/रूट चार्ट तैयार करना।
7. गांवों में आम चौराहो, सार्वजनिक स्थानों, बस स्टेण्ड, मुख्य बाजार का चिन्हिकरण/आंकलन कर नजरी नक्शें में चिन्हित करना।
8. गांव में प्राकृतिक नाले, तालाब आदि का चिन्हिकरण।
9. गांव में अन्य महत्वपूर्ण स्थान का नजरी नक्शे में चिन्हित करना जो आवश्यक होंवे।

Signature valid
Digitally signed by Joga Ram
Designation: Secretary To Government
Date: 2025.02.05 17:51:30 IST
Reason: Approved

राजस्थान सरकार
निदेशालय, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)
पंचायती राज विभाग

प्रथम तल, चौपाल विश्रान्ति गृह, बड़ोदिया बस्ती, (जयपुर जंक्शन के पास), जयपुर 302006
फोन– 0141 2205802 ईमेल: sbmg2018@gmail.com

उक्त कार्य सरपंच/प्रशासक एवं ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, तकनीकी अधिकारी एवं स्वच्छता प्रभारी की उपस्थिति में दिनांक 05.02.2025 से 20.02.2025 तक किया जायेगा। जिसकी समय–समय पर विकास अधिकारी द्वारा मॉनिटरिंग की जायेगी। उक्त अवधि में सही तरीके से आंकलन/मैपिंग नहीं करने पर संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारण किया जायेगा।

अतः गांवों में स्वच्छता गतिविधियां नियमित रूप से सम्पादित करने हेतु निर्धारित अवधि में ब्लॉक से प्रमाणित सूचना संलग्न परिशिष्ट में संकलित कर दिनांक 28.02.2025 तक इस कार्यालय को भिजवाने का श्रम करावे।

संलग्न :– परिशिष्ट– अ, ब, स एवं द।

**(डॉ. जोगाराम)**
**शासन सचिव एवं आयुक्त**
**पंचायती राज विभाग**

**प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव एवं आयुक्त, पंचायती राज विभाग, जयपुर।
2. जिला कलक्टर, जिला – समस्त।
3. अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद–समस्त।
4. जिला परियोजना समन्वयक/प्रभारी अधिकारी, SBMG जिला परिषद– समस्त।
5. विकास अधिकारी, पंचायत समिति–समस्त।

Signature valid
Digitally signed by Joga Ram
Designation: Secretary To Government
Date: 2025.02.05 17:51:30 IST
Reason: Approved

परिशिष्ठ–अ

# ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वच्छता हेतु आंकलन का प्रारूप

गांव का नाम ........................ ग्राम पंचायत ....................................

पंचायत समिति ............................... जिला ..........................

ग्राम विकास अधिकारी का नाम ............................................ सरपंच / प्रशासक का नाम ...............................

सर्वे में सहयोगी अन्य कार्मिक / जनप्रतिनिधि ..................................................

| क्र. सं. | घर / संस्थान / सड़क / नाली / सी.एस.सी. | विवरण | नियमित सफाई हेतु संख्या | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | घरों की संख्या | गांव में कुल घरों की संख्या जिसमें :<br>1. घनी आबादी में बसे घरो की संख्या<br>2. ढाणियों / छितरी आबादी में बसे घरों की संख्या<br>3. गांव में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की संख्या | | |
| 2. | राजकीय विद्यालय | 1. राजकीय विद्यलाय की संख्या<br>2. विद्यालय में महिला शौचालय की संख्या<br>3. विद्यालय में पुरूष शौचालय की संख्या | | |
| 3. | अन्य सरकारी संस्थान | 1. आँगनवाड़ी, पंचायत घर, पटवार घर आदि संख्या<br>2. पुरूष शौचालय की संख्या<br>3. महिला शौचालय की संख्या | | |
| 4. | सामुदायिक स्वच्छता परिसर | गांव में स्थित सभी सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की संख्या | | |
| 5. | गांव में नालियां | 1. छोटी नालियां(6 इंच से कम गहराई) की लम्बाई<br>2. बड़ी नालियां(6 इंच से अधिक गहराई) की लम्बाई<br>3. नालियों में कचरे / कीचड़े की मात्रा (लम्बाई X चौडाई X गहराई) का आयतन | | |
| 6. | गांव में बड़े नाले | नाले में कचरे / कीचड़े की मात्रा (लम्बाई X चौडाई X गहराई) का आयतन | | |
| 7. | पक्की सड़क / कच्चा रास्ता | नियमित झाडू लगाये जाने वाली पक्की सड़क / रास्ता क्षेत्रफल (लम्बाई X चौडाई) | | |
| 8. | प्राकृतिक नाले / तालाब | 1. प्राकृतिक नाले की संख्या / लम्बाई<br>2. तालाब की संख्या | | |
| 9. | धार्मिक / पर्यटक स्थल | धार्मिक / पर्यटक स्थल की संख्या एवं शौचालय की संख्या | | |
| 10. | पैरी अर्बन क्षेत्र (UIT JDA etc.) | पैरी अर्बन क्षेत्र (UIT JDA etc.) आ रहे गांव का विवरण | | |
| 11. | गांव में आर.आर.सी. की स्थिति | 1. आर.आर.सी. उपलब्ध है अथवा नहीं / प्रगतिरत<br>2. गांव से दूरी | | |
| 12. | अन्य स्थान | अन्य स्थान का विवरण जहां नियमित सफाई की आवश्यकता हो। | | |
| | **कुल योग** | | | |

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत**

**सरपंच / प्रशासक**
**ग्राम पंचायत**

**क.त.सं. ,क.अभि. / सहायक अभियंता**
**पंचायत समिति**

परिशिष्ठ–ब

## ग्राम पंचायत में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों का विवरण

**ग्राम पंचायत का नाम :–** (राशि लाखों में)

| क्र.सं. | योजना | वर्ष 2023–24 में अवशेष राशि | वर्ष 2024–25 में प्राप्त राशि | वर्ष 2024–25 में व्यय राशि | 31 जनवरी, 2025 को उपलब्ध शेष राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वां वित्त आयोग (अनटाईड) | | | | |
| 2. | 15वां वित्त आयोग (टाईड) | | | | |
| 3. | राज्य वित्त आयोग | | | | |
| 4. | निजी आय | | | | |
| 5. | सी.एस.आर. / स्वच्छता हेतु अन्य अनुमत मद | | | | |
| | **कुल योग** | | | | |

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत**

**सरपंच / प्रशासक**
**ग्राम पंचायत**

**स. लेखाधिकारी**
**पंचायत समिति**

परिशिष्ठ–स

## नियमित सफाई हेतु उपलब्ध / आवश्यक संसाधनों का विवरण

**ग्राम पंचायत का नाम :–**

| क्र.सं. | संसाधन | उपलब्ध संख्या | नियमित सफाई व्यवस्था हेतु आवश्यक संसाधनों की संख्या | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डस्टबिन | | | |
| 2. | अ. कचरा पात्र<br>ब. सामुदायिक कचरा पात्र | | | |
| 3. | कचरा संग्रहण वाहन / उपकरण<br>अ. पुशकार्ट<br>ब. ट्राई साईकिल<br>स. ई–रिक्शा<br>द. मोटरेबल वाहन | | | |
| 4. | सुरक्षा किट / उपकरण | | | |
| 5. | सफाई उपकरण | | | |
| 6. | अन्य संसाधन | | | |
| | **कुल योग** | | | |

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत**

**सरपंच / प्रशासक**
**ग्राम पंचायत**

<u>परिशिष्ठ–द</u>

## गांव में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) अन्तर्गत निर्मित परिसम्पत्तियों का विवरण

ग्राम पंचायत का नाम :–

| क्र.सं. | संसाधन | आदिनांक तक निर्मित/ संख्या | आवश्यक संख्या | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक सोकपिट | | | |
| 2. | सामुदायिक मैजिकपिट | | | |
| 3. | डब्लू.एस. पी. | | | |
| 4. | कंस्ट्रक्टेड वेटलेण्ड | | | |
| 5. | डी–वाट्स | | | |
| 6. | गोबरधन परियोजना | | | |
| | **कुल योग** | | | |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत

सरपंच/प्रशासक
ग्राम पंचायत

क.त.सं. ,क.अभि./सहायक अभियंता
पंचायत समिति